# हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

**(चौदहवां सत्र )**

**लिखित उत्तर हेतु प्रश्न**

## सोमवार, 7 मार्च, 2022/16 फाल्गुन, 1943 (शक्)

----

**[जल शक्ति मन्त्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 29**

----

### नियुक्तियां

1978 **श्री रोहित ठाकुर(जुब्बल-कोटखाई ) :**
**श्री हर्षवर्धन चौहान(शिलाई) :**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) माननीय उच्च न्यायालय द्वारा जारी किए गए रोक आदेशों से पूर्व, शिक्षा विभाग में कितने पार्ट-टाइम मल्टी टास्क वर्करों को नियम-18 के अन्तर्गत नियुक्तियां प्रदान की गई; ब्यौरा नियुक्त कर्मचारियों के नाम, पते, शिक्षण संस्थान एवं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें; और

(ख) गत 1 वर्ष में दिनांक 01.02.2022 तक नियम-7 के अन्तर्गत कितने पार्ट-टाइम मल्टी टास्क वर्करों की नियुक्तियां हुई हैं; ब्यौरा नियुक्त कर्मचारियों के नाम, पते, शिक्षण संस्थान व विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

----

### अनुदान मामले

1979 **श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई ):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक जिला शिमला में कृषि विभाग के अन्तर्गत कितने भिन्न-भिन्न घटकों के अनुदान के कितने मामले लंबित पड़े हैं; ब्यौरा किसानों के नामवार, खण्डवार,

योजनावार, घटकवार एवं समयावधि सहित दें?

----

## एंटी-हेल गन

1980 **श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) जिला शिमला में बागवानों द्वारा अपनी धनराशि से कहां-कहां एंटी-हेल गन लगाई गई हैं; स्थानवार ब्यौरा दें; और

(ख) बागवानी विभाग इन एंटी-हेल गन को अपने अधीन लेने का विचार रखती है?

----

## Assets and liabilities

1981 **Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state the details of assets and liabilities of employees and their family members of Shillai Block be given; provide details including land, building, motor vehicle, bank account deposit and FD; when such investment was made; details be given?

----

## भवन निर्माण

1982 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रदेश में कुल कितनी पंचायतें हैं; कितनी पंचायतें बिना पंचायत घर (भवन) के हैं; एक पंचायत घर (भवन) में कुल कितने कमरे होने चाहिए तथा पंचायत घर के निर्माण कार्य करने हेतु क्या अनुमानित लागत आती है; और

(ख) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक क्या पंचायत घरों के निर्माण के लिए धनराशि का प्रावधान किया गया था; यदि हां, तो वर्षवार एवं जिलावार धनराशि का ब्यौरा दें?

----

## मधु विकास योजना

1983 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक प्रदेश में मधु विकास योजना के तहत विभिन्न योजनाओं में मधु के उत्पादन में कितनी धनराशि व्यय की गई; कितना मधु (शहद) का

उत्पादन हुआ; ब्यौरा वर्षवार व ज़िलावार दें; और

(ख) इस अवधि में फूलों की खेती पर कितनी धनराशि व्यय की गई; बागवानों को कुल कितनी आय प्राप्त हुई; ब्यौरा वर्षवार व ज़िलावार दें?

----

## धनराशि

1984 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर)**:

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक प्रदेश में सेब की कितनी पेटियां प्रदेश से बाहर बेची गईं; वर्षवार ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि में सेब की उपज से बागवानों को कुल कितनी आमदनी हुई; वर्षवार ब्यौरा दें; और

(ग) एच0पी0एम0सी0 द्वारा बागवानों को नकद धनराशि न देकर उत्पाद देने के क्या कारण हैं; सरकार क्या यह सुनिश्चित करेगी कि बागवानों का भुगतान एम0आई0एस0 स्कीम के तहत केवल कैश में ही करे?

----

## उज्ज्वला / हिमाचल गृहिणी सुविधा योजना

1985 **श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी)**:

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2022 तक चिन्तपुरनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में उज्ज्वला योजना एवं हिमाचल गृहिणी सुविधा योजना के अन्तर्गत कितने परिवारों को लाभ प्राप्त हुआ; ब्यौरा नामवार व पंचायतवार दें?

----

## अनुसूचित जाति उप-योजना

1986 **श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी)**:

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) चिन्तपुरनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत अनुसूचित जाति उप-योजना (SCSP) में सड़कों व पुलों के निर्माण, सिंचाई तथा अन्य योजनाओं के लिए कितनी धनराशि का प्रावधान है; और

(ख) इसके लिए कितनी धनराशि आबंटित की गई व कितनी व्यय की गई; ब्यौरा विभागवार व धनराशि सहित दें?

----

## पाइपें / टैंक

1987 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2022 तक रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी पाइपें बिछाई गई तथा कितने टैंकों का निर्माण करवाया गया तथा इन पर कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें?

----

## सीवरेज व्यवस्था

1988 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहड़ू नगर परिषद् में जिन-जिन स्थानों में अभी तक सीवरेज की सुविधा उपलब्ध नहीं है, सरकार कब तक वहां पर इस सुविधा को प्रदान करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## पदपूर्ति

1989 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कानूनगो व पटवारियों के कितने पद स्वीकृत हैं व उनमें से कितने पद रिक्त पड़े हैं; सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है?

----

## जिलास्तरीय भर्ती

1990 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार प्रदेश के उपायुक्त कार्यालयों में होने वाली चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की भर्ती को जिलास्तरीय करने का विचार रखती है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

----

## गुशैणी सैक्शन का पुनर्सीमांकन

1991 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार बन्जार

विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बन्जार उप-मण्डल में गुशैणी सैक्शन का पुनर्सीमांकन करके इसे दो भागों में विभाजित करने व गुशैणी में 33 के0वी0 सब-स्टेशन स्थापित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## आपदा प्रबंधन

1992 **श्री सुरेन्द्र शौरी** (बन्जार):

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आपदा प्रबंधन (SDRF) के तत्वाधान में विभिन्न मदों के लिये जारी किए गए धन का पंचायतवार व वर्षवार कार्य सहित ब्यौरा दें?

----

## अप्रयुक्त भूमि

1993 **श्री संजय अवस्थी** (अर्की):

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कृषि विभाग के पास किन-किन स्थानों पर कितनी भूमि है; विभाग द्वारा किन-किन स्थानों पर भूमि उपयोग में लाई गई है व किन-किन स्थानों में अप्रयुक्त पड़ी है; ब्यौरा दें?

----

## मुआवज़ा

1994 **श्री संजय अवस्थी** (अर्की):

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) COVID-19 वैश्विक महामारी से अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने लोगों की मृत्यु हुई है; ब्यौरा दें;

(ख) सरकार द्वारा मृतकों के आश्रितों को कितना मुआवज़ा देने का प्रावधान किया गया है; और

(ग) कितने परिवारों को सरकार द्वारा मुआवजा प्रदान किया गया है व कितने परिवारों को मुआवज़ा देना शेष है; ब्यौरा दें?

----

## पदपूर्ति

1995 **श्री संजय अवस्थी** (अर्की):

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत

राजकीय प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च, वरिष्ठ माध्यमिक व महाविद्यालयों में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत व रिक्त हैं; सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; पदवार ब्यौरा दें?

----

## Imported Root Stock

1996 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 3 years upto 01.02.2022, how many trees on root stocks have been imported;

(b) provide the variety of root stocks, the name of Country where the import is taking place, the cost of the plant alongwith the details of the rootstock;

(c) what is the production of root stock in the State;

(d) provide details of the proprietors, the variety of root stock, the price, the quality and quantity of each plant; and

(e) which is the best variety of root stock and what is its production; year-wise details be given?

----

## Water Pipes and Schemes

1997 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 3 years upto 01.02.2022, how many pipes of different mm have been provided to the Jal Shakti divisions of Matiana and Kasumpti;

(b) how many water schemes are existing under the two Divisions within the Theog Assembly Constituency;

(c) sub-division wise details of LWSS, GWSS, IFS, LWIS alongwith the discharge of water at the time of it was started and the discharge measured last be given;

(d) whether the schemes have proper intake desilting tanks and storage tanks; and

(e) how many storage tanks are leaking; details be given?

----

## Apple Cultivation

1998 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) what is the total area under apple cultivation in the State; provide a data of the last 3 years upto 01.02.2022 along with the Districts and also production and the average price that the farmers get;

(b) how many CA stores are in the State, capacity to store and how many of them are owned by non-Himachalis; provide details with addresses; and

(c) how many boxes have been stored during this period; details be given?

----

## व्यय धनराशि

1999 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक श्री रेणुकाजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कृषि विभाग द्वारा कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा योजनावार व व्यय की गई धनराशि सहित दें?

----

## व्यय धनराशि

2000 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक श्री रेणुकाजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत उद्यान विभाग द्वारा कितनी धनराशि व्यय की गई; योजनाओं के नाम व व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा दें?

----

## सब-स्टेशन व ट्रांसफार्मर

2001 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक जिला सिरमौर के अन्तर्गत बिजली विभाग द्वारा कितने सब-

स्टेशन व ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए; कितनी लाइनें बदली गई; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

----

## एफ0सी0ए0 के मामले

2002 **श्री बलबीर सिंह वर्मा(चौपाल)** :

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में राजकीय महाविद्यालय चौपाल में भवन निर्माण की एफ0सी0ए0 की अद्यतन स्थिति क्या है; इसके भवन निर्माण के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत हुई, कितनी व्यय हुई व कितनी शेष है; ब्यौरा दें;

(ख) इसके भवन निर्माण कार्य को कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा; धनराशि सहित ब्यौरा दें; और

(ग) इस निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सरकारी कॉलेज भवन व अटल आदर्श विद्यालय चौपाल की क्या एफ0सी0ए0 क्लीयरेंस हो गई है; यदि नहीं, तो क्लीयरेंस को पूर्ण करने में कितना समय लगेगा तथा इन दोनों भवनों का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा; पूर्ण ब्यौरा दें?

----

## भू-संरक्षण

2003 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल)**:

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में भू-संरक्षण में कितनी धनराशि स्वीकृत हुई, कितनी व्यय हुई व कितनी शेष है; कार्यवार, स्थानवार व शेष धनराशि सहित ब्यौरा दें;

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र में भू-संरक्षण विभाग में कितने अधिकारी व कर्मचारी कार्यरत हैं; पदवार ब्यौरा दें; और

(ग) किस कार्य के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत हुई, कितनी व्यय हुई व कितनी शेष है; योजनावार ब्यौरा दें?

----

## भवन निर्माण कार्य

2004 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल)ः**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी राजकीय प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं के भवनों का कार्य प्रगति पर है; कितनी पाठशालाओं के भवन बनकर तैयार हो चुके हैं; इन भवनों के निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत हुई व कितनी व्यय हो चुकी है; ब्यौरा भवनों के नाम, स्थान व शेष धनराशि सहित दें; और

(ख) जिन पाठशालाओं के लिए धनराशि स्वीकृत होने के बाद भी कार्य आरम्भ नहीं हुआ है; क्या सरकार इनके कार्य को पूर्ण करवाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## निविदाएं

2005 **श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2022 तक प्रदेश में राज्य विद्युत बोर्ड के अन्तर्गत सभी मण्डलों में पांच लाख रुपये तक की धनराशि के कुल कितने टेंडर लगाए गए; ठेकेदारों के नाम व पते सहित ब्यौरा दें ?

----

## निविदाएं

2006 **श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर)ः**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2022 तक प्रदेश में जल शक्ति विभाग के अन्तर्गत सभी मण्डलों में पांच लाख रुपये तक की धनराशि के कुल कितने टेंडर लगाए गए; ठेकेदारों के नाम व पते सहित ब्यौरा दें ?

----

**यशपाल शर्मा,**
**सचिव।**